दिनांक : 06.06.2025 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्री - चिनाब ब्रिज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जम्मू के रामबन जिले में चिनाब नदी पर विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे आर्क ब्रिज का उद्घाटन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने इस 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चिनाब ब्रिज का निरीक्षण करते हुए तिंरगा लहराया । यह ब्रिज एक हजार तीन सौ 15 मीटर लंबा लोहे का आर्क ब्रिज है। इस ब्रिज को भूकंपीय और वायुजनित परिस्थितियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह पूल जम्मू तथा श्रीनगर के बीच संपर् को बढ़ावा देगा। श्री मोदी ने रियासी जिले में उधमपुर- श्रीनगर- बारामूला- रेल लिंक परियोजना पर भारत के पहले केबल आधारित रेल ब्रिज अंजी ब्रिज का भी उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने कटरा रेलवे स्टेशन से कटरा और श्रीनगर को जोडने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने 46 हजार करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये कार्यक्रम भारत की एकता और भारत की इच्छाशक्ति का विराट उत्सव है.।

आरबीआई दर कटौती

भारतीय रिजर्व बैंक- आरबीआई ने आज पिछली छह प्रतिशत रेपो दर को 50 आधार अंको में कटौती कर के साढे पांच प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। धीमी मुद्रास्फीति ने बैंक को आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस कारण आरबीआई रेपो दर में लगातार तीसरी बार कटौती करने जा रहा है। नकद आरक्षित अनुपात- सीआरआर में भी सौ आधार अंको की कटौती की गई है। वहीं सीमांत स्थायी सुविधा- एमएसएफ और बैंक दर को पांच दशमलव सात- पांच पर समायोजित किया गया है।

सरकार के 11 वर्ष

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं की वैश्विक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आज कहा कि देश के युवाओं ने विश्व में अपनी छाप छोडी है। केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के 11वर्ष पूरे करने के अवसर पर श्री मोदी ने युवाओं को गतिशीलता, नवाचार और दृढ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षो में देश का विकास युवाओं के दृढ विश्वास और असाधारण ऊर्जा शक्ति से प्रेरित है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि पिछले

11 वर्षो में देश स्टार्टअप्स, विज्ञान, खेल, सामुदायिक सेवा और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं का साक्षी बना है।

मुख्यमंत्री उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन के प्रवास पर है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन स्थित लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री आज उज्जैन में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

उम्मीद पोर्टल

केंद्र सरकार कल उम्मीद पोर्टल लॉन्च करने जा रही है, जिसका उद्देश्य देशभर में वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को सुव्यवस्थित करना है। यह पोर्टल सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और नियमन को बेहतर बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण के लिए संपत्तियों का विस्तृत विवरण, जैसे कि इसकी माप और जियो–टैग की गई लोकेशन, अनिवार्य रूप से दर्ज करनी होगी। सरकार को आशा है कि यह पोर्टल वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाएगा और इससे संबंधित विवादों में भी कमी आएगी।

समाचार संक्षेप में .....

- सिगरौली जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 1 जून से 29 जुलाई तक किये जा सकेंगे।
- शिवपुरी जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसानों को नए नवाचार और उन्नत कृषि तकनीक के बारे में, साथ ही ड्रोन तकनीक का कृषि सेवा में उपयोग की जानकारी दी जा रही है।
- विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कल जबलपुर में नेशनल हाईवे पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एनएचएआई ने 100 से अधिक पौधे अपने कार्यालय और हाईवे पर लगाए।

....